तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार, 31 जुलाई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 कांग्रेस संगठन को मिलेगी मजबूती : सोनी





14 जिले के जर्जर स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का शीघ्र सर्वे ...









प्रभावित वार्ड 28, डेयरियों की संख्या 110, 1.14 करोड़ रूपये स्वीकृत, शहर की आबादी 1.40 लाख

# मक्खी, मच्छर, गोबर, गंदगी से परेशान लोगों ने डेयरियों को गोकुलनगर में जल्द शिफ्ट करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

शहरवासियों ने एक बार फिर नगर निगम प्रशासन से शहर के अंदर संचालित 110 डेयरियों को गोकुल नगर में जल्द शिफ्ट करने की मांग की है। शहरवासी डेयरियों की गदंगी से पिछले 10 साल से परेशान हैं। मक्खी, मच्छर, गोबर से जीना हराम हो गया है। नालियां गोबर से बजबजा रही हैं। गंदगी से सड़कें, गली, मोहल्ला सराबोर है। डेयरी के अलावा शहर के कुछ लोग पशुपालन भी करते हैं जिसके कारण राहगीर परेशान हैं। दूध निकालने के बाद पालतू मवेशियों को सड़कों पर छोड़ देते हैं जो दुर्घटना का कारण बनता है। डेयरियों के साथ-साथ पशुपालकों पर कठोर कार्रवाई की जरूरत है।

शहरी नागरिक नारायण देबू, शीतल नायक, कुबेर गुरूपंचायन, त्रिलोक सेन, जयंती महाराज, कृष्णा तिवारी, मन्नूलाल वाकड़े, रमेश चक्रधारी का कहना है कि शहर के 28 वार्ड डेयरियों से प्रभावित है, जहां सैकड़ों गाय, भैंस पाले जा रहे हैं। मवेशी के मलमूत्र से पूरा वार्ड परेशान है। बदबू से जीना हराम हो गया है। शहर के कोष्टापारा, नयापारा, लालबगीचा, बांसपारा, जोधापुर, टिकरापारा, गोकुलपुर, रिसाईपारा, हटकेशर, सुभाष नगर, रामसागरपारा आदि ऐसे वार्ड हैं जहां बस्ती के अंदर डेयरियां संचालित हैं।

### सघन बसाहट से परेशानी

शहर की जनसंख्या 1.40 लाख के करीब होने जा रही है। सघन बसाहट के कारण डेयरियों के आसपास मकान, कॉलोनियां बन गई है। लोग डेयरियों से परेशान है। निगम की प्रशासनिक व्यवस्था भी चाहती है कि गोकुलनगर बने, इसके लिए 1.14 करोड़ का फंड भी तैयार है। डेयरी व्यवसायी भी चाहते हैं कि उन्हें मनपसंद जगह मिले तो वे डेयरियां शिफ्ट कर देंगे। सोरम भटगांव स्थित जमीन निगम द्वारा प्रस्तावित है।



### प्रस्तावित स्थल पेंडिंग

शासन से स्वीकृति मिलने के बाद सारी सुविधाएं बहाल की गई। जमीन आवंटन का काम भी प्रारंभ है लेकिन डेयरी संचालकों ने इसे अनुपयुक्त बताया। निगम प्रशासन ने सोरम के पास फिर से जमीन देखी है। सीमांकन चिन्हांकन के बाद आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी लेकिन डेयरी संचालक और निगम के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित नहीं होने से सोरम का प्रस्तावित स्थल भी पेंडिंग है।

### शिफ्ट करने की तैयारी : महापौर रोहरा



महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शहर की डेयरियां गोकुल नगर में शिफ्ट की जाएंगी। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। शहरवासियों को डेयरियों से मुक्त रखना उनकी प्राथमिकता है।

### सोरम भटगांव की जमीन पथरीली

डेयरी संचालकों का कहना है कि डेयरी के लिए उन्हें नकद राशि दें। वे शहर से 5-10 किमी दूर गांव कोलियारी, करेठा, अमेठी, डोड़की, हरफतराई, लोहरसी, पोटियाडीह की उपजाऊ जमीन पर डेयरी खोल लेंगे या फिर इन्हीं गांवों में से एक गांव को चिन्हांकित कर स्थल चयन कर लेंगे। डेयरियां शिफ्ट हो जाएंगी। सोरम भटगांव की जमीन पथरीली है। तापमान अधिक रहने से मवेशी स्वस्थ नहीं रहेंगे। दूध का उत्पादन प्रभावित होगा।

### सोरम में 40 लाख खर्च

विदित हो कि सोरम की प्रस्तावित जमीन पर निगम सरकार 50 लाख रूपये खर्च कर चुकी है। इस स्थान पर 1.25 करोड़ की लागत से डेयरियां स्थापित की जानी है, जिसके लिए शुरूआती दौर में नाली, बिजली, पानी, विद्युत, रोड आदि के लिए 40-50 लाख खर्च हो चुके हैं। 2 बोर होने के साथ फेंसिंग, समलतीकरण हो चुका है। यहां पर 32 डेयरियां शिफ्ट की जानी है। सहमति बनने के बाद 13 लोगों ने जमीन आवंटन के लिए राशि भी जमा करा दी थी। मामला पेंडिंग रह गया।

## खबर संक्षेप

### अभिषेक होंगे नगर पुलिस अधीक्षक

**धमतरी।** राज्य शासन द्वारा 2021-22 व 2023 बैच के परिवीक्षाधीन भापु से अधिकारियों को प्रशिक्षण



उपरांत अस्थायी आदेश तक विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है। 2023 बैच के अधिकारी अभिषेक कुमार चतुर्वेदी को धमतरी में नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) के पद पर पदस्थ किया है। जिले में पहली बार सीएसपी पद दिया गया है।

### मो. रफी की पुण्यतिथि पर आज संगीतमय कार्यक्रम

**धमतरी।** श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय के सहयोग से 31 जुलाई को शाम 5 बजे पुराना



जनपद पंचायत भवन कचहरी चौक धमतरी में मो. रफी साहब की पुण्यतिथि पर संगीतमय कार्यक्रम देवांगन म्यूजिकल ग्रुप एवं संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किया गया है।

### मधुबन धाम में 1 अगस्त से शिव महापुराण


**मगरलोड।** मधुबन धाम में 1 से 7 अगस्त तक शिव महापुराण का आयोजन किया गया है। कथावाचक पंडित कृष्ण शास्त्री



ग्राम सिलहाटी जिला कबीरधाम होंगे। 1 अगस्त को कलश यात्रा, देव आह्वान, 2 अगस्त को नारद मोह, सूत सौनक संवाद, 3 अगस्त को संध्या देवी कथा एवं सती चरित्र, 4 अगस्त को पार्वती प्राकट्य, शिव पार्वती विवाह, 5 अगस्त को कार्तिकेय एवं श्री गणेश प्राकट्य महोत्सव, 6 अगस्त को भगवान शिव के अवतारों की कथा, 7 अगस्त को द्वादश ज्योतिर्लिंग महात्म्य वर्णन, सहस्त्रधारा स्नान, पूर्णाहुति होगी। आयोजन को लेकर कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

### जिले में अब तक 491 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**धमतरी।** जिले में एक जून से अब तक 491.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में अब तक सर्वाधिक औसत वर्षा 627 मि.मी. कुकरेल तहसील और



सबसे कम 295.5 मि.मी. औसत वर्षा मगरलोड तहसील में दर्ज की गई है। इसी तरह धमतरी तहसील में 623.3 मि.मी., नगरी तहसील में 518.5 मि.मी., कुरूद तहसील में 456.7 मि.मी., भखारा तहसील में 453.1 मि.मी. और बेलरगांव तहसील में 467.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में बुधवार की औसत वर्षा 15.3 मि.मी. दर्ज की गई है। इसमें धमतरी तहसील में 21 मि.मी., कुरूद तहसील में 20.4 मि.मी., मगरलोड में 13.6 मि.मी., नगरी में 18.9 मि.मी., भखारा में 6.8 मि.मी., कुकरेल तहसील में 15 मि.मी. और बेलरगांव तहसील में 11.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## बहुमंजिला आवास में शौचालय, बिजली नहीं

- रेलवे प्रभावित महिलाएं निगम पहुंची, समस्याओं को दूर करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी



रेलवे प्रभावितों के व्यवस्थापन स्थल में समस्याओं का अंबार है। इससे क्षुब्ध महिलाएं निगम पहुंचीं और सुविधा मुहैया कराने की मांग की। गौरतलब है कि धमतरी में बड़ी रेललाइन का कार्य जारी है। इसके लिए रेलवे की जमीन के जद में आ रहे लोगों को बलपूर्वक हटाया गया है। रेलवे प्रभावित कई परिवार को महिमासागर वार्ड स्थित बहुमंजिला आवासों में अस्थायी व्यवस्थापन किया गया है जहां कई तरह की समस्या है। औद्योगिक वार्ड पार्षद रामेश्वर वर्मा के नेतृत्व में महिलाएं निगम पहुंची। प्रमिला पाठक, जमीला बेगम, प्रेमिन ध्रुव, तिलेश्वरी साहू, ममता ध्रुव, कुमारी ध्रुव ने बताया कि पिछले साल की दिवाली के समय रेलवे प्रभावितों को महिमासागर वार्ड स्थित बहुमंजिला आवास में व्यवस्थापन दिया गया है। तब से वे समस्याओं का दंश झेल रहे हैं। यहां शौचालय की व्यवस्था नहीं है। इससे कई लोग खुले में शौच जाने विवश हैं। बारिश का मौसम चल रहा है। छत से पानी टपकने से उनकी नींद उड़ गई है। यहां बिजली की भी व्यवस्था नहीं है। वे यहां स्थित मोटर पंप से अस्थायी कनेक्शन ले काम चला रहे हैं जिसे भी हटाने कहा जा रहा है। ऐसे में उन्हें अंधेरे के बीच रात गुजारनी पड़ेगी। इसके अलावा कई समस्याएं हैं। उन्होंने निगम प्रशासन से सुविधा मुहैया कराने की मांग की है।



## आदिवासी नगारची समाज ने मांगा भवन

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ आदिवासी नगारची समाज ने सामाजिक भवन के लिए विधायक से राशि की मांग की है। समाज के अध्यक्ष संतोष नगारची, उपाध्यक्ष राजू नगारची, सचिव बसंत नगारची ने विधायक ओंकार साहू से मुलाकात कर आवेदन सौंपा है। उन्होंने कहा है कि आदिवासी नगारची समाज का धमतरी में भवन नहीं है। दो साल पहले समाज को ग्राम मुजगहन में जगह आवंटित की गई है। विधायक से भवन बनाने धनराशि प्रदान करने की मांग की है। आवेदन सौंपने के दौरान भारत नेताम, हर्ष कुमार नगारची, भूपेन्द्र, डिकेश आदि उपस्थित थे।

## चंदा हाथी दल के एक दंतैल की आमद





- उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र के रेगाडीह परिसर में कर रहा विचरण

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

जिले के जंगल में एक दंतैल ने फिर आमद दे दी है। कुछ दिन पहले मखना हाथी के लगभग एक माह विचरण के बाद अब बीबीएमई-1 उत्तर सिंगपुर रेंज में आ गया है। मंगलवार को पैरी नदी क्रॉस कर रेगाडीह के जंगल में विचारण कर रहा है।

उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र के निगरानी दल प्रमुख एससीएफओ प्रेमलाल लहरे ने बताया कि इस दंतैल को बीबीएमई-1 नाम दिया गया है। यह चंदा हाथी का दंतैल है और बलौदाबाजार से महासमुंद गरियाबंद होते हुए धमतरी रेंज में आया है। दंतैल का लोकेशन सहायक परिक्षेत्र मगरलोड के परिसर रेगाडीह के कक्ष क्रमांक-20 आरएफ में है। आसपास के गांव जलकुंभी, हथबंध, रेगाडीह, राजाडेरा, तेंदूभाठा, कोरगांव, कनडबरा, बनियातोरा, बूढ़ाराव, मड़ेली, बकोरी, चारभाठा को अलर्ट किया गया है।

## तालाब में डूबने से वृद्धा की मौत





हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

शौचालय जाने के लिये घर से निकली वृद्धा की लाश सुगंध तालाब में तैरती पाई गई।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय साल्हेवारपारा निवासी पांचोबाई उम्र 70 वर्ष रोजाना की तरह बुधवार की सुबह तालाब किनारे स्थित सुलभ शौचालय जाने के लिये घर से निकली थी। शाम तक वृद्धा के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। इसी बीच वृद्धा का शव सुगंध तालाब में तैरता दिखा। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाकर मृतिका की शिनाख्ति पांचोबाई के तौर पर की। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर वरदान एम्बुलेंस की मदद से शव को जिला अस्पताल भेज दिया है।

गंभीर बीमारी से पीड़ित था, उपचार नहीं होने से शरीर की त्वचा जलने लगी थी

## एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल पहुंचने वाले युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

एक्सीडेंट होने की बात कह एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल पहुंचने वाले युवक की कुछ देर बाद मौत हो गई है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम बिरेतरा निवासी तिजेन्द्र कुमार साहू पिता धरमदास उम्र 29 वर्ष घूम-घूमकर होटल व ढाबा में काम करता था। युवक महीने में एक बार घर बिरेतरा जाता था। मंगलवार को युवक कुकरेल के लल्लू ढाबा के पास बैठा था। युवक ने संजीवनी 108 को फोन कर सूचना दी कि वह



26 जुलाई को एक्सीडेंट में घायल हो गया है। उपचार के लिये अस्पताल पहुंचना है। एम्बुलेंस पर बैठकर जिला अस्पताल आ गया। जानकारी होने पर उसका भाई भी जिला अस्पताल पहुंच गया। डाक्टर ने युवक की जांचकर उसे रायपुर रिफर कर दिया। परिजन रात्रि में युवक को रायपुर न ले जाकर मसीही अस्पताल ले गये। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। युवक के शरीर पर जलने के निशान पाये गये हैं। युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

सूत्रों के अनुसार युवक घुमंतु प्रवृत्ति का था जो होटल-ढाबा में काम करता था। वह शराब का आदी व गंभीर बीमारी से पीड़ित था। उपचार नहीं होने से उसके शरीर की त्वचा जलने लगी थी। पोस्टमार्टम में युवक के हार्ट में ब्लॉकेज पाया गया। युवक की मौत हार्ट अटैक से होने की आशंका है।

## चेन स्नेचिंग : महिला के गले से मंगलसूत्र खींचकर भागा नकाबपोश

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

- सोरम पोल्ट्री फार्म की घटना

अज्ञात नकाबपोश सो रही महिला को जगाकर उसके गले से सोने के मंगलसूत्र को लूटकर फरार हो गया है।

पुलिस के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम डांगीमाचा निवासी राजकुमारी मरकाम उम्र 51 वर्ष अपने पति भानसिंग मरकाम 12 वर्ष से भटगांव व सोरम के बीच स्थित हलचल पोल्ट्री फार्म में चौकीदारी का काम करती है। दोनों पति-पत्नी पोल्ट्री फार्म में बने चौकीदार के लिये बने कमरे में रहते हैं। बीते दिनों राजकुमारी सर्वेन्ट रूम में सो रही थी। इसी दौरान कोई अज्ञात व्यक्ति ने उसके पति भानसिंग का नाम लेकर आवाज लगाई। नींद खुलने पर महिला दरवाजा खोलकर कमरे से बाहर निकली। बाहर में एक व्यक्ति चेहरे पर काला कपड़ा बांधे खड़ा दिखा। उक्त नकाबपोश महिला के बाहर



निकलते ही झपट्टा मारकर उसके गले में पहले सोने का मंगलसूत्र कीमत 27 हजार 500 रूपये को छीनकर भाग गया। इस दौरान महिला पोल्ट्री फार्म में अकेली थी। अज्ञात नकाबपोश द्वारा मंगलसूत्र लूटने से महिला डर गई थी। महिला ने किसी तरह अपने आपको संभाला और घटना के घंटेभर बाद पति भानसिंग को फोन करके बुलाया। पति के आने के बाद उसे पूरी घटना की जानकारी दी। रात्रि में बारिश होने के कारण दंपति तत्काल घटना की शिकायत करने थाना नहीं पहुंच पाया। दूसरे दिन रूद्री थाना पहुंचकर महिला ने शिकायत दर्ज कराई। रूद्री पुलिस ने अज्ञात नकाबपोश के खिलाफ धारा 304 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

बोराई थाना में हुई संवाद बैठक, सामुदायिक समन्वय को मजबूत करने पर दिया बल

## ग्राम स्तर पर शांति कायम रखने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

गांवों में शांति, सुरक्षा व सामुदायिक समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से बोराई थाना में ग्राम प्रतिनिधियों की विशेष संवाद बैठक आयोजित की गई।

बोराई थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच एवं कोटवारों की उपस्थिति में थाना प्रभारी द्वारा समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिस व ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के बीच



आपसी समन्वय को बढ़ाना, सामाजिक संवाद को मजबूत करना तथा गांवों में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना था। बैठक में कोटवारों को गांव में होने वाली छोटी-बड़ी घटनाओं की सूचना तत्काल पुलिस को देकर सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया गया। इसी तरह नशा, जुआ, घरेलू विवाद, जमीन विवाद एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम में ग्रामीण प्रतिनिधियों से सहयोग की अपेक्षा जताई गई। बैठक में शामिल होने वाले सभी गांव के जनप्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया गया कि पुलिस हर परिस्थिति में उनके साथ हैं। ग्रामीणों और पुलिस के बीच विश्वास की भावना को और मजबूत करने के लिये संवाद को निरंतर बनाये रखने की अपील की गई है। इस दौरान थाना प्रभारी बोराई ने कहा कि ग्राम स्तर पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुलिस व पंचायत मिलकर ही एक सुरक्षित समाज की नींव रख सकती है। बैठक में सभी ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। उल्लेखनीय है कि एसपी के निर्देशन में सामुदायिक समन्वय सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विशेष बैठक का आयोजन किया गया।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

खबर संक्षेप

## निजी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन 2 अगस्त तक

**धमतरी।** श्रम विभाग के छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण के उद्देश्य से जिलों में संचालित निजी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर गुणवत्तायुक्त निःशुल्क शिक्षा के माध्यम से विकास के सामान अवसर प्रदान करने हेतु अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना संचालित है। योजनांतर्गत अनुबंधित 9 जिले रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, मुंगेली, बिलासपुर, बेमेतरा, कर्वधा, कांकेर, रायगढ़ के निजी आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में कक्षा छटवीं में प्रवेश दिलाकर कक्षा बारहवीं तक निःशुल्क अध्ययन का अवसर प्रदान किया जायेगा। श्रम पदाधिकारी एनके साहू ने बताया कि इच्छुक पंजीकृत निर्माण श्रमिक ऑनलाइन आवेदन 2 अगस्त तक मोबाइल एप्प श्रमेव जयते के माध्यम से कर सकते हैं एवं श्रम संसाधन केन्द्र कुरूद, धमतरी, मगरलोड, नगरी से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### विधायक ने जीजामगांव में आंगनबाड़ी के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

# लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : अजय चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव







क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर ने ग्राम जीजामगांव में आंगनबाड़ी के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण तथा वार्ड क्रमांक 1 में सीसी रोड का भूमिपूजन किया। विधायक श्री चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्षेत्र के हर गांव के समग्र विकास और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकास की दृष्टि से कुरुद विधानसभा क्षेत्र आज बाकी क्षेत्र से कहीं ज्यादा आगे निकल चुका है। शिक्षा के क्षेत्र में कुरुद को कई सौगात मिली है। सिर्री में शासकीय महाविद्यालय, कुरुद में बीए, एलएलबी पाठ्यक्रम, नर्सिंग पाठ्यक्रम, बीएड पाठ्यक्रम की शुरूआत हुई। क्षेत्र में चार नये आईटीआई प्रारम्भ होंगे। क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं है।

मौके पर गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरुद, श्रीमती कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़ जिपं सदस्य, श्रीमती सिंधु बैस, श्रीमती गंगा साहू जनपद सदस्य, लोकेश साहू मण्डल अध्यक्ष सिर्री, सरपंच देवचरण चंद्राकर, आनंद गांधी, माखन चंद्राकर, जीवराखन चंद्राकर, कार्तिक राम साहू, युवलाल चेलक, शुभमदास, भोजराज सोना, प्रीतम साहू, कुणाल देवांगन सचिव, होरीलाल महिलांगे उपसरपंच, जागेश्वर साहू रोजगार सहायक, प्रमोद कुमार साहू कम्प्यूटर ऑपरेटर, देवराज ध्रुव, पंचगण रमा बाई, कृष्ण कुमार साखरे, गिरवर पटेल, सीमा पटेल, धनेश्वरी ध्रुव, संतोषी ढीमर, सुमंत मारकाण्डे, जनक बाई कुर्रे, केकती रात्रे, दुर्गेश साहू, खिलावन पटेल, टकेश्वर साहू, सुशीला साहू, रेखा साहू, त्रिवेणी पटेल, संतराम साहू, मोतिम पटेल, ढालसिंग ध्रुव, होरीलाल साहू समेत ग्रीन आर्मी की सदस्य उत्तरा बाई साहू, सुमन साहू, संतोषी पटेल, निर्मला साहू, दूजबाई साहू, चंपा मारकण्डे, हेमिन बाई साहू, बिरजा साहू, रीना पटेल, झामिन ध्रुव उपस्थित थी।

# एसटीपी प्लांट के लिए 2 करोड़ 87 लाख स्वीकृत



- नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदों ने जताया आभार
- महापौर ने किया शासकीय नवीन महाविद्यालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

विष्णुदेव की सरकार ने नगर पंचायत आमदी को एसटीपी प्लांट के लिए 2 करोड़ 87 लाख की सौगात दी है। इसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदों ने अरुण साव उपमुख्यमंत्री, टंकराम वर्मा प्रभारी मंत्री व जगदीश रामू रोहरा महापौर धमतरी का आभार जताया। महापौर ने शासकीय नवीन महाविद्यालय का निरीक्षण कर जल्द ही मुख्यमंत्री द्वारा कॉलेज का उद्घाटन करने की बात कही। वहीं अटल परिसर एवं किसानों को हो रही पानी निकासी की समस्या को भी देखा। इसके समाधान का आश्वासन दिया।

मौके पर अविनाश दुबे भाजपा जिला महामंत्री, विनय जैन आमदी मंडल अध्यक्ष, अनिल तिवारी महामंत्री, हेमंत माला उपाध्यक्ष आमदी मंडल, श्रीमती ज्योति साहू अध्यक्ष नपं, उमानंद कुंभकार सभापति, लक्ष्मी पटेल पार्षद, त्रिभुवन मटियारा, पार्षदगण किरण साहू, जागेश्वर नेताम, सुनीता साहू, सरिता साहू, संतोषी साहू, छबलू साहू, तेजराम साहू व पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, सोसाइटी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, असरु साहू, हेमनु कुंभकार, शिवप्रसाद साहू, कार्तिक साहू, प्रेमशंकर साहू, जागेश्वर साहू, भूषण साहू, पुरुषोत्तम साहू, ज्ञानेश्वर साहू, नेमसिंह साहू, उमेश साहू, आनंदराम साहू, बिहारी गोंड, परमेश्वर प्रजापति, श्रवण साहू, टीकाराम साहू, विष्णु साहू मौजूद रहे।

# सावन मास में शिवजी के साथ राम का नाम लेने से विशेष फल की प्राप्ति होती है : गीतेश्वरी

- जुगदेही में आयोजित मानस गोष्ठी में शामिल हुईं जनपद अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



मानस शक्ति केंद्र कोर्रा के संयोजन में सावन माह के प्रत्येक रविवार को मानस संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में तीसरे रविवार को ग्राम जुगदेही में मानस संगोष्ठी आयोजित की गई। क्षेत्र के अनेक मानस संतों ने सुमधुर संगीत के साथ रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों पर प्रकाश डाला।

रामकथा का रसपान करने जनपद पंचायत कुरुद की अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू भी पंहुचीं। उन्होंने श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सावन के पवित्र मास में शिवजी के साथ राम का नाम लेने, राम की कथा का श्रवण करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। चूंकि शिव और राम एक दूसरे का ही नाम जपते हैं। रामचरितमानस से प्रेरणा लेकर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। रामचरितमानस से सत्य, प्रेम, मर्यादा, त्याग, समर्पण का ज्ञान मिलता है, जिनकी बदौलत भगवान श्रीराम मर्यादा पुरषोत्तम श्रीराम कहलाये। इसके विभिन्न पात्रों का अनुकरण कर हमें जीवन जीने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि श्रीराम आदर्श पुरुष व माता-पिता के आज्ञाकारी पुत्र, माता सीता पतिव्रता नारी, भाई लक्ष्मण त्याग के प्रतीक हैं। इनके मानवीय गुणों को हमें अपने आचरण में उतारने की आवश्यकता है।

मानस गोष्ठी का लाभ लेने शक्ति केंद्र के आश्रित 20 ग्रामों से मानस प्रेमी, संगीतकार पहुंचे। इस संगोष्ठी में अध्यक्ष सालिक राम साहू, सचिव गिरधारी साहू, प्रशांत गोस्वामी, भोलाराम साहू, श्यामसुन्दर साहू, छगन ठाकुर, घनश्याम साहू, मोतीलाल साहू, अमरीका निषाद, यशोदा गोस्वामी, निर्मला साहू, चंद्रवती, रुक्मणि, केवल, अशवंत, कुमार, केशव, तुमेश समेत ग्रामवासियों व पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

# कबड्डी में भिलाई ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

- प्रतियोगिता में 40 टीमों ने हिस्सा लिया

ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों एवं जय मार्या नवयुवक कबड्डी दल के तत्वावधान में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में धमतरी, रायपुर, गरियाबंद, दुर्ग, बालोद जिला सहित 40 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम भिलाई की टीम रही। द्वितीय खुड़ियाडीही, तृतीय अकलवारा एवं चतुर्थ स्थान पर देवरी बालोद रहा। विजेता टीम भिलाई को 20001 रूपये व ट्राफी, मैडल से सम्मानित किया गया। द्वितीय विजेता टीम खुड़ियाडीही को 13001 रूपये, तृतीय विजेता टीम अकलवारा को 6001 रूपये एवं चतुर्थ विजेता टीम देवरी बालोद 3001 रूपये व ट्राफी, मैडल दिया गया। बेस्ट रेडर कोमल नागेश, डिफेंडर यशवंत एवं ऑलराउंडर सुजीत को 1000 रूपये व प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।

## अंचल की खबरें

### जोरातराई सेक्टर अध्यक्ष चुरामन, गैंदलाल उपाध्यक्ष नियुक्त



**अंवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा मड़ेली मंडल अंतर्गत जोरातराई सेक्टर अध्यक्ष चुरामन साहू एवं गैंदलाल बघेल कुम्हारी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पदाधिकारियों की नियुक्ति पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू, बिसौहाराम साहू, मानक साहू, मंडल अध्यक्ष गैंदलाल साहू, महेंद्र साहू, गोपीकिशन साहू, खिलावन पाल, मुकेश साहू, कुमार साहू, सौरभ पाल, रविंद्र सेन, मनोज साहू, हेमराज, मनोज, जीतू साबला, शैलेंद्र निर्मलकर, भोज साहू, पुरेस, शिव देवांगन, गुप्ता साहू, मोहन साहू ने हर्ष जताया है।

### कांवरियों ने महादेव मंदिर भारवन ओडिशा में किया जलाभिषेक



**कुकरेल(धमतरी)।** महादेव संस्थान कुकरेल के 185 कांवरियों द्वारा कांवर यात्रा निकाली गई है। सिहावा कर्णेश्वर महादेव घाट से जल लेकर महादेव के भक्तों ने स्वयंभू महादेव मंदिर भारवन ओडिशा में जल अभिषेक किया। महादेव मंदिर समिति कुकरेल के संचालक संतोष यादव, गिरधारी सिन्हा, वासुदेव मानिकपुरी, नंदकुमार नूतन साहू, देवकृष्ण, शिवचरण सिन्हा, कृष्णा पटेल, सुरेश राजपूत, भूषण उईके, लखनलाल यादव, शिवकुमार, व्यापारी संघ अध्यक्ष नीरज कुमार साहू, जास्मीन सूर्यवंशी, देसीराम, हेमलता यादव ने जल अभिषेक किया।

### सेवानिवृत्त प्रधानपाठक भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित



**मगरलोड।** समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा धमतरी में आयोजित डा. अब्दुल कलाम सम्यक प्रबोधन सम्मेलन में शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए करेली बड़ी निवासी सुखीराम साहू सेवानिवृत्त प्रधानपाठक को भामाशाह समता अवार्ड की उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनीता पन्द्रो भोपाल थे। अध्यक्षता सुरेश ठाकुर रायपुर ने की। उन्होंने बताया कि शिक्षक, समाज, धर्म के क्षेत्र में अच्छी सेवा देने पर यह पुरस्कार मिला है। इस मौके पर प्रांताध्यक्ष समता साहित्य अकादमी जीआर बंजारे ज्वाला, गोकुल बंजारे, सुरेशकुमार ठाकुर, सुशीला देवी वाल्मीकि, महेंद्रदास मानिकपुरी, लक्ष्मी महंत, विशाल सिंह ध्रुवें, जस सम्राट दुकालू यादव, डॉ रमेश सोनसायटी उपस्थित थे।

### सशिमं मड़ाईभाठा में नागपंचमी मनाई गई





**कोर्रा(भखारा)।** सरस्वती शिशु मंदिर मड़ईभाठा में नाग पंचमी धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय में नाग देवता का दुग्धाभिषेक कर पूजन किया गया। भोलेनाथ एवं नाग देवता की महिमा से छात्रों को अवगत कराया गया। बताया कि नाग पंचमी हिंदुओं का प्रसिद्ध त्योहार है। यह पूरे भारत में धूमधाम से मनाया जाता है। नाग हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है। इस दिन भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। इन्हें शक्ति एवं सूर्य का अवतार भी माना जाता है। नागदेव का दर्शन शुभ माना जाता है। मौके पर प्राचार्य चंपा देवी साहू, रेणुका साहू, घनेश्वरी साहू, अंगेश सेन, राजकुमार निर्मलकर सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने छात्रा के बेहतर इलाज के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



- कक्षा दूसरी की छात्रा स्कूल की छत से गिरकर हुई घायल, जिला अस्पताल में इलाज जारी

नगरी विकासखंड अंतर्गत शासकीय ज्ञान ज्योति विद्यालय कोटाभर्री में अध्ययनरत कक्षा दूसरी की छात्रा नन्दकुमारी कमार उम्र 8 वर्ष पिता सुखराम कमार के स्कूल की छत से गिरकर घायल हो जाने की घटना सामने आई है। 28 जुलाई की शाम लगभग 4 बजे बच्ची स्कूल की छत पर चढ़ गई थी, जहां से जुड़ी हुई एक अन्य छत की ओर जाते समय उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गई। इस हादसे में उसे हाथ में फ्रैक्चर और चोट आई।

जानकारी मिलते ही कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बेहतर इलाज के निर्देश दिए। बच्ची को प्राथमिक उपचार हेतु नगरी के शासकीय अस्पताल लाया गया, जहां से बेहतर उपचार हेतु रात ही जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी और नगरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने इस घटना को संज्ञान में लिया। जिला अस्पताल में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बच्ची के स्वास्थ्य की जानकारी ली और समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस गंभीर घटना को संवेदनशीलता से लेते हुए शिक्षा विभाग को स्कूल परिसरों में बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल समय के बाद किसी भी परिस्थिति में बच्चों को परिसर में अकेले नहीं रहने दिया जाए। स्कूल भवन, छत और अन्य संरचनाओं की नियमित निगरानी हो।

### पर्यावरण संतुलन के लिए किया पौधरोपण

**डांडेसरा(धमतरी)।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर सेनचुवा में पौधरोपण किया गया। शीतला मंदिर के तालाब पार में पौधे रोपे गए। उल्लेखनीय है कि विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस हर साल 28 जुलाई को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जैसे जल, वायु, मिट्टी, वनस्पति, वन्यजीव, पर्यावरण संतुलन, बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना है ताकि वे प्रकृति के महत्व को समझें।

# सीएम साय के नेतृत्व में हर क्षेत्र का हो रहा विकास : किरणसिंह

- बालोद प्रवास पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद, वित्तमंत्री का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)



बालोद प्रवास पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, वित्तमंत्री ओपी चौधरी का पूर्व विधायक प्रीतम साहू मंडल अध्यक्ष, टुकेश्वर पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया एवं क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हर क्षेत्र का विकास हो रहा है। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिले, इसका ध्यान रखते हुए काम करें। श्री देव कहा कि भाजपा मंडल पुरूर का कार्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग पर है इसलिए यहां से गुजरते वक्त हमेशा ही पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिलता रहूंगा। इस दौरान पुरूर सरपंच ने ग्राम पुरूर में शासकीय घास भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग कर जिस पर श्री देव ने कलेक्टर से चर्चा कर नियमानुसार कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। कार्यकर्ताओं ने पुरूर सोसाइटी में खाद की कमी बताते हुए पर्याप्त मात्र में खाद भंडारण की मांग की जिस पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों से चर्चा का इस समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। मंत्री ओपी चौधरी से क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा की। श्री चौधरी ने विकास के लिए हरसंभव मदद करने की बात कही।

इस दौरान महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप साहू, उपाध्यक्ष मेहत्तर नेताम, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, मीना साहू, त्रिलोकी साहू, सत्येन्द्र साहू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आदित्य पिपरे, प्रहलाद साहू, सुरेन्द्र तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किया भटगांव आईटीआई का निरीक्षण, शत-प्रतिशत प्रवेश पर दिया जोर

# कौशल विकास से ही युवा आत्मनिर्भर बनेंगे : अबिनाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के औद्योगिक विकास और युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भटगांव स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान की समग्र व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया और संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने चल रही प्रवेश प्रक्रिया देखी। स्पष्ट निर्देश दिए कि संस्थान की सभी सीटों पर शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित किया जाए, जिससे जिले के अधिक से अधिक युवाओं को तकनीकी शिक्षा का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कौशल विकास ही आज के युवाओं को आत्मनिर्भर बना सकता है और इसके लिए संस्थान की कार्यप्रणाली को और अधिक सक्रिय एवं सुदृढ़ बनाना होगा।

कलेक्टर ने प्रवेश लेने आए बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, ट्रेड के संबंध में पूछा। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे दाखिले के बाद पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण लें, जिससे उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें।

उन्होंने संस्थान की आधारभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, भवन में सीपेज की स्थिति और परिसर की साफ-सफाई की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने इन सभी बिंदुओं पर त्वरित सुधार के निर्देश दिए। आगे कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता के साथ-साथ संस्थान का भौतिक वातावरण भी प्रेरणादायक और सुरक्षित होना चाहिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने यह भी निर्देशित किया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को अधिकतम प्लेसमेंट मिले, इसके लिए संस्थान स्तर पर उद्योगों से समन्वय बनाकर प्रभावी प्रयास किए जाएं। निरीक्षण के दौरान आईटीआई के प्राचार्य एमआर ध्रुव, शिक्षक, कर्मचारी एवं संबंधित स्टाफ उपस्थित थे।

**नाम परिवर्तन सूचना (ईश्तहार)**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं नीरज चंद्राकर उम्र 50 वर्ष पिता अर्जुन चंद्राकर निवासी ग्राम दोनर पोस्ट झिरिया तहसील व जिला धमतरी छ.ग. का निवासी हूं। यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड नं. 8342 9028 2913 में मेरा नाम नीरज चंद्राकर (NIRAJ CHANDRAKAR) पिता अर्जुन चंद्राकर (ARJUN CHANDRAKAR) अंकित है। इसी प्रकार मेरे नाम से जारी मतदाता परिचय पत्र DTQ5205778 में मेरा नाम प्रमोद चंद्राकर (PRMOD CHANDRAKAR) पिता अुर्जुर्नलाल चंद्राकर (ARJURRNLAL CHANDRAKAR ) अंकित है। इसी प्रकार मेरे नाम से जारी पैन कार्ड नं. AFLPC2415D में मेरा नाम NIRAJ CHANDRAKAR पिता ARJUN LAL CHANDRAKAR अंकित है। यह कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम PRAMOD KUMAR CHANDRAKAR पिता ARJUN-LAL CHANDRAKAR अंकित है। इसी प्रकार मेरे नाम से जारी ऋण पुस्तिका नं. पी. 3226384 में मेरा नाम नीरज उर्फ प्रमोद कुमार पिता अर्जुन अंकित है। यह कि मेरे सही व वास्तविक नाम नीरज चंद्राकर (NEERAJ CHANDRAKAR ) पिता अर्जुन चंद्राकर (ARJUN CHANDRAKAR) के नाम से गजट प्रकाशन करवाने इसी आधार पर मेरे मतदाता परिचय, राजस्व अभिलेख, शैक्षणिक दस्तावेजों, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेज श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

अतः मुझे नीरज चंद्राकर (NEERAJ CHANDRAKAR) पिता अर्जुन चंद्राकर (ARJUN CHANDRAKAR) के नाम से जाना व पहचाना जावे।

शपथकर्ता
नीरज चंद्राकर पिता अर्जुन चंद्राकर
निवासी-ग्राम दोनर पोस्ट झिरिया
तहसील व जिला धमतरी छ.ग.

# अंचल की खबरें

## हेपेटाइटिस डे पर हुई ड्राइंग प्रतियोगिता



**धमतरी।** अंजुमन हायर सेकेण्डरी स्कूल में सरकारी अस्पताल द्वारा हेपेटाइटिस डे पर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के ड्राइंग बनाए गए। ड्राइंग के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने हेपेटाइटिस के लक्षण एवं इसे दूर करने के उपाय बताए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की डॉ. रेहाना कदीर, डॉ. पूजा जैन, नर्स मनीषा सिन्हा, कुलेश्वर नागरची, संगीता साहू, तरूणा साहू, शाला के प्रशासक सै. असदुल हुसैन, प्राचार्य शबाना खान, उपप्राचार्य अ. सत्तार खान, फिरोजा खान समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## वरदान एंबुलेंस सेवा संस्था के संरक्षक नामेश बने



**धमतरी।** धमतरी जिले एवं आसपास के जिलों में लगातार रक्तदान ग्रुप एंबुलेंस सेवा संस्था द्वारा दुर्घटना होने पर घायलों की मदद की जा रही है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखकर सेवा संस्था प्रमुख ने धमतरी जिले के अंदर एम्बुलेंस चालकों और संचालकों को भी इस मानवता कार्य की ओर प्रेरित किया। एंबुलेंस चालक और संचालकों ने एक नया संगठन तैयार किया जो वरदान एंबुलेंस सेवा संस्था जिला धमतरी के नाम से जाना जाएगा। इसके संरक्षक नामेश साहू, अध्यक्ष शिवा प्रधान, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, सचिव डॉ कुलदीप साहू, कोषाध्यक्ष डॉ कुंजबिहारी, संयोजक जगतपाल साहू, दीपक सेन, गजानंद विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी लिखेंद्र साहू, संयोजक राजेश बरडिया बनाए गए। सदस्यों में डुमन लाल, अमन साहू, हर्ष जैन, खिलावन साहू, संजय पांडे, अर्जुन साहू, सावन साहू, महेंद्र साहू, हेमंत प्रधान, शेखन ध्रुव, भारत साहू, डॉ युवराज, डॉ चित्रसेन साहू शामिल हैं।

## अंजुमन में छात्र संघ का गठन, अयान अध्यक्ष बने



**धमतरी।** अंजुमन हायर सेकेण्डरी स्कूल में छात्रसंघ का गठन किया गया। अध्यक्ष कक्षा 12वीं कामर्स के छात्र अयान खान को बनाया गया। उपाध्यक्ष गायत्री नाग, सचिव मोहनीश बंजारे, सहसचिव ऐशु ओझा, अनुशासन प्रभारी झम्मन एवं निखिल कुमार व स्वच्छता प्रभारी हुमैरा व अनिका बनाये गये। इस अवसर पर छात्र संघ अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। मौके पर सैयद असदुल हुसैन, प्राचार्य शबाना खान, उपप्राचार्य अ. सत्तार खान, वरिष्ठ शिक्षक मो. असलम भाटी, फरीद खान, फिरोजा खान, राबिया खान, मंजु देवांगन, सरोज शिंदे, भारती सिन्हा, नेहा पदमवार, डिगेश्वर गजेन्द्र, नाजमा शेख, चित्रकुमार ध्रुव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कुलदीप अपनी कला को दे रहा नया आयाम



**नगरी।** सिहावा निवासी कुलदीप प्रजापति अपनी कला को एक नया आयाम दे रहा है। बिना किसी से प्रशिक्षण लिए मूर्ति बना रहा है। उसने 5 फीट से अधिक गणेश की बड़ी मूर्ति तैयार की है। ग्रामीण सत्यावान व देवा वैष्णव ने बताया बिना सीखे मूर्ति बनाना आसान नहीं है। कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कुलदीप दृढ़ संकल्प से मिट्टी से मूर्ति बना रहा है। उसने 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

## बालोद विधायक और ब्लॉक प्रभारी के नेतृत्व में सात मण्डल व 21 सेक्टर कमेटी का पुनर्गठन

# कांग्रेस संगठन को मिलेगी मजबूती : सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरूर(धमतरी)



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 31 जुलाई तक मण्डल और सेक्टर की बैठक लेकर सर्वसम्मति से मंडल का पुनर्गठन करने का निर्देश दिया था। गुरूर ब्लॉक के प्रभारी राजेन्द्र सोनी ने बैठक लेकर सभी सात मण्डल जोन और सेक्टर में जाकर मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष सहित मण्डल और सेक्टर में 21 सदस्यों की टीम बनाई। मंडल मिर्रीटोला प्रभारी दीनाराम चेलक, अध्यक्ष हेमप्रकाश साहू, कंवर प्रभारी टोमन साहू, अध्यक्ष गिरधारी देवांगन, कंकालीन प्रभारी दुर्गुराम सिन्हा, प्रभात ध्रुव, अध्यक्ष सुमित राजपूत, दर्रा दीयाबाती प्रभारी जितेंद्र यादव, अध्यक्ष डॉ किशोर साहू, धनेली प्रभारी केदार देवांगन, अध्यक्ष तोषण साहू, तार्रीभरदा प्रभारी खिलेश्वर केहरी, दुर्गु राम सिन्हा, अध्यक्ष यशवंतपुरी गोस्वामी, अरमरीकला प्रभारी संजय चौधरी, अध्यक्ष टोमन साहू सेक्टर फागुनदाह अध्यक्ष कौशल साहू, मिर्रीटोला रमेश सिन्हा, चितौड़ रामस्वरूप साहू, कंवर मनीष देवांगन, अरकार दिलीप केशरवानी, भिरई घनश्याम साहू, मोखा फुलेंद्र कतलाम, नारागांव बल्ला कुंजाम, बालोदगहन उमर अली, खुंदनी केशुराम साहू, दर्रा दीयाबाती सोमनाथ साहू, कनेरी धनेली कोमलेसवार सिन्हा, भानपुरी डेहरराम साहू, बासीन डोमेन्द्र हिरवानी, तार्री आलोक पटेल, छेड़िया नारद यादव, सोरर बृजभूषण, अरमरीकला ओमप्रकाश साहू, सनौद उमेश साहू, भोथली मंडल विवेकानंद साहू बनाए गए। इस अवसर पर बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस संगठन के दृष्टिकोण से देखें तो हमेशा ही बालोद जिला का नाम चलता है। यहां का कांग्रेस संगठन हमेशा सबसे आगे और सक्रिय रहता है। ब्लॉक प्रभारी राजेंद्र सोनी ने कहा कि मण्डल जोन सेक्टर का पुनर्गठन उदयपुर संकल्प शिविर में संकल्प पारित अनुसार सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव 2028 के लिए टीम बनाई जा रही है।

कांग्रेस संगठन को और भी मजबूत करने काम किया जाएगा। निश्चित ही 2028 के चुनाव में जीत मिलेगी। सनौद मण्डल की बैठक में परमेश्वर साहू ब्लॉक अध्यक्ष गुरूर, दुर्गुराम सिन्हा, पूरण साहू, टोमन साहू, केदार देवांगन, संजय प्रकाश चौधरी, दीनाराम चेलक, धनुष साहू, तोषण साहू, यशवंतपुरी गोस्वामी, रेणुका देवदास सरपंच, कुकेश साहू, युगलकिशोर साहू, सोमन लाल, देवेंद्र साहू उपस्थित थे।

# अग्रवाल महिला मंडल ने मनाया सावन तीज महोत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अग्रवाल महिला मंडल द्वारा अग्रसेन भवन में सावन तीज महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान अग्रसेन की पूजा व मंगलाचार से हुई। इस दौरान विभिन्न खेलकूद रखे गए।

समाज की सचिव श्रीमती अनीता गोयल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, सामाजिक एकता और संस्कृति को बढ़ावा देना है। सावन मास हमें प्रकृति से जुड़ने और समाज में प्रेम व सहयोग की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर झूला का भी आयोजन किया गया। इस दिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार किया था। मौके पर

अध्यक्ष श्रीमती अनीता अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती कुसुम अग्रवाल, सहसचिव श्रीमती प्रीति गुप्ता, रिंकी गिनोरिया, कविता अग्रवाल, वीणा गोयल, ममता अग्रवाल, पायल गोयल, अनीता मित्तल, सरोज अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, एकता मित्तल, जागृति गोयल, राधा अग्रवाल, ललिता अग्रवाल समेत अनेक महिलाएं उपस्थित थीं।

# पुलिस को देखकर लोगों में भय न हो बल्कि सुरक्षा का एहसास हो : चक्रधर



- नये थाना प्रभारी ने क्षेत्र में सामुदायिक समन्वय को सुदृढ़ करने ब्लॉक के पत्रकारों के साथ बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नये थाना प्रभारी चक्रधर बाग ने नगरी क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सामुदायिक समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ब्लॉक के पत्रकारों के साथ विशेष बैठक ली। श्री बाग ने कहा कि हमारी यही कोशिश रहेगी कि जिले के सभी पुलिस थानों की तरह नगरी थाना भी एक आदर्श पुलिस थाना हो। पुलिस को देखकर लोगों को डर न लगे बल्कि सुरक्षा का एहसास हो जिसके लिए नगरी पुलिस तत्परता दिखाएगी।

नगरी में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को दूर किया जा जाएगा और अवैध कारोबार में विराम लगाया जाएगा। चौक- चौराहों पर असामाजिक तत्वों पर नजर रखने सीसीटीवी लगाए जाएंगे। गैर कानूनी कारोबार जैसे जुआ, सट्टा, शराब पर अंकुश लगाया जाएगा। हम अपराध को खत्म करने के लिए उसकी जड़ को ही उखाड़ फेंकने में विश्वास करते हैं और हमारी यही कोशिश रहेगी। पत्रकारों के सवालों पर नगरी थाना प्रभारी ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया जा रहा है ताकि दुर्घटना को रोका जा सके। वाहनों को कतारबद्ध तरीके से खड़ा करने की व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है। बैठक में पत्रकारगण जीवन नाहटा, धर्मेंद्र यादव, अंगेश हिरवानी, अशोक संचेती, उत्तम साहू, कुलदीप साहू, जितेन्द्र मंडावी, देवेन्द्र सेन, मिथिलेश पटेल, तरुण साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



- हरियर परिवार ने ग्राम सांकरा में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

पर्यावरण संरक्षण को लेकर हरियर परिवार द्वारा ग्राम सांकरा में पौधरोपण कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे। विशेष अतिथि जनपद सदस्य राजेश नाथ गोसाई, सांकरा सरपंच नागेन्द्र बोरझा, उपसरपंच हरीश कुमार साहू, महेंद्र नेताम, जनपद सदस्य श्रीमती शशि ध्रुव तथा पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती सुलोचना साहू, विशिष्ट अतिथि जन्मेजय साहू, बंटी साहू, भूपेश साहू, अमृत साहू, रोशन साहू, डिगेश साहू, तोषक पटेल, मिथिलेश पटेल, भुनेश्वर साहू, लवकुमार साहू, मुंगेश, नेमू साहू, बल्लू साहू एवं श्रवण यादव थे। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। अतिथियों और नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। स्कूली छात्रों एवं स्काउट-गाइड के सदस्यों ने स्वच्छता और हरियाली बनाए रखने की शपथ ली। अतिथियों ने पर्यावरण की बिगड़ती स्थिति पर चिंता जताते हुए पौधरोपण को समय की आवश्यकता बताया और अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। उन्होंने हरियर परिवार की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उल्लेखनीय है कि हरियर परिवार द्वारा गत वर्ष भी 1100 से अधिक पौधे लगाए गए थे, जिनका संरक्षण आज भी सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

# प्रकृति संतुलन में सांपों की अहम भूमिका




- सरस्वती शिशु मंदिर में नागपंचमी पर नागदेव की हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमातालाब में नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य श्रीमती खेमिन साहू और वरिष्ठ आचार्य श्री सोनसाय ने नागदेवता की पूजा-अर्चना की। सामूहिक प्रार्थना हुई। इस अवसर पर प्राथमिक विभाग के छात्रों ने अपने घर मिट्टी से मनमोहक शिवलिंग एवं नागदेवता बनाकर लाए थे। प्राथमिक विभाग की छात्राओं कनिका, कान्हा सोनी, दृष्टि सेन, भाविका, हर्षिता, साधना, हिमाल्या, लावण्या, गाव्या, वोहिता, फाल्गुनी, तनिजा, उमा, आराध्या, मेधांश, शिवानी ने नागदेवता एवं शिवजी पर आधारित मधुर भजन तथा देवेन्द्र एवं दार्शिल ने कहानी प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि सोनसाय साहू एवं प्राचार्य ने बताया कि नाग किसानों का मित्र होता है। वह चूहों से फसलों की रक्षा करता है। प्रकृति संतुलन में नागों की अहम भूमिका होती है। नाग को समृद्धि एवं शक्ति का प्रतीक माना गया है। मौके पर शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# बरई तंबोली समाज ने नाग पंचमी पर्व मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




शिव चौक स्थित बटुकेश्वर महादेव मंदिर में नाग पंचमी पर्व पर छत्तीसगढ़ बरई तंबोली समाज द्वारा जल अभिषेक किया गया। नागदेव को बेलपत्ता का श्रृंगार किया। भगवान शिव, नाग देवता की पूजा-अर्चना कर समाजजनों ने विश्व शांति, समृद्धि की प्रार्थना की। धमतरी केंद्र द्वारा नाग पंचमी को बरई दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। पूजा पश्चात वैदिक सदन में फिर नाग देवता, कुल देवता की पूजा की गई। पूर्वज कई वर्षों से नागबेल के रूप में नाग की पूजा करते आ रहे हैं। समाज के पूर्व केंद्र अध्यक्ष नेबताया कि जब हम छोटे थे तो स्लेट पर नाग देवता का चित्र बनाकर स्कूल लाते थे फिर बच्चों के साथ स्कूल स्टाफ भी नाग देवता की पूजा करता था। एक पौराणिक कथा के अनुसार पृथ्वी माता के भार को नाग देवता ही अपने सिर पर उठाया हुआ है। इसी श्रद्धा भक्ति भाव के कारण नागपंचमी का पर्व मनाते आ रहे हैं।

यह नागबेल पाताल लोक से आया हुआ है जिसे राजा, महाराजा, आमजन आज भी खाते आ हैं। मौके पर समाज अध्यक्ष कोमल प्रसाद थवाईत, पूर्व अध्यक्ष कैलाशकांत पंसारी, महेश पंसारी, देवेंद्र थवाईत, हनुमान पंसारी, पन्ना थवाईत, आनंद पंसारी, सुरेश पंसारी, आदित्य पंसारी, प्रीतेश पंसारी, लक्ष्मीनाथ पंसारी, अमन थवाईत, ओम थवाईत, संतोष पंसारी, अनूप महोबिया, महिला मंडल की सदस्य पिंकी थवाईत, भारती पंसारी, गायत्री पंसारी, सरला पंसारी, उषा पंसारी, तृप्ति थवाईत, बसंती थवाईत, राम थवाईत मौजूद थे।

## सशक्त समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका : जगदीश्वर प्रसाद

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम कोर्रा में भखारा तहसील ब्राम्हण समाज की बैठक हुई, जिसमें समाज के उत्थान पर चर्चा की गई। आगामी कार्यक्रमों पर विमर्श किया गया। सदस्यों ने सशक्त समाज के निर्माण में सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया। यह बैठक ग्राम कोर्रा के बालाजी मंदिर परिसर में यशवंत शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समाज के समग्र उत्थान पर चर्चा की गई। विशेष रूप से विप्रविद्वत परिषद के गठन एवं सदस्यता अभियान पर विमर्श किया गया। बैठक में दिसंबर माह में उपनयन संस्कार आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आगामी बैठक 12 अगस्त मंगलवार को नगर पंचायत भखारा के काली मंदिर में होगी। भखारा तहसील ब्राम्हण समाज के कोषाध्यक्ष जगदीश्वर प्रसाद शर्मा ने कहा कि सशक्त समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को सही दिशा दी जाए।

# छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




- सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया हरियाली उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को प्रोत्साहित करने के लिए हरियाली उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से पौधरोपण किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य आकर्षण ग्रीन परेड रहा जिसमें छात्र-छात्राओं ने हरियाली थीम पर आधारित वेशभूषा धारण कर रैली निकाली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निखिलेश दीवान प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़िया क्रांति नेता ने कहा कि कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार है। हमें इन्हें बचाना और बढ़ाना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे निशांत सिन्हा (मैनेजिंग डायरेक्टर सर्वोदय इंग्लिश स्कूल ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के शिक्षकों ने अपने-अपने वर्ग के विद्यार्थियों के साथ विभिन्न प्रकार के औषधीय और छायादार पौधे लगाए। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने आस-पास के पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाएंगे।

# एनएसयूआई ने पीजी कॉलेज में छात्र सहायता केंद्र स्थापित किया



- छात्रों को फार्म भरने, दस्तावेज तैयार करने समेत आवश्यक जानकारी दी जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले के पीजी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने के साथ ही बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रवेश लेने हेतु कॉलेज पहुंच रहे हैं। प्रवेश के दौरान छात्रों को फार्म भरने, दस्तावेज़ तैयार करने, आवश्यक जानकारी प्राप्त करने और अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े, इसके लिए एनएसयूआई द्वारा छात्र सहायता केंद्र स्थापित किया गया है। इस छात्र सहायता केंद्र पर एनएसयूआई के कार्यकर्ता छात्रों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। यहां आने वाले छात्र-छात्राओं को निःशुल्क सहायता दी जा रही है, जिसमें प्रवेश फॉर्म भरना, दस्तावेज़ों का सत्यापन, विषय चयन में मार्गदर्शन और प्रवेश संबंधी अन्य जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। एनएसयूआई का मानना है कि शिक्षा और प्रवेश की प्रक्रिया हर छात्र का अधिकार है और किसी भी छात्र को जानकारी के अभाव या तकनीकी कठिनाइयों की वजह से वंचित नहीं होना चाहिए।

इस केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य यही है कि छात्र-छात्राएं बिना किसी परेशानी के अपना दाखिला ले सकें। एनएसयूआई के नमन बंजारे, नोमेश सिन्हा, मनीष साहू ने कहा कि एनएसयूआई सदैव छात्रों की आवाज को बुलंद करने और उनकी हर जरूरत में साथ खड़े होने के लिए तत्पर है। प्रवेश प्रक्रिया छात्रों के जीवन का महत्वपूर्ण चरण है और इसमें उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, यही हमारी प्राथमिकता है।

# सेजेस सिंगपुर का थाती बनेगा नॉलेज सेंटर

- माता-पिता अपने बच्चे के जन्मदिन पर प्रतियोगी परीक्षा की एक पुस्तक स्कूल को देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



सेजेस सिंगपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं को पूर्णतः क्रियान्वित करने का भरसक प्रयास विद्यालय एवं समुदाय के परस्पर सहयोग से जारी है। शिक्षा नीति की प्रमुख अनुशंसा है कि बच्चे हायर सेकेंडरी के पश्चात उच्च शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा या किसी न किसी प्रतियोगी परीक्षा में संलग्न हो। बच्चे कॉम्पिटीटर बने। ग्रामीण क्षेत्र में यह तभी सम्भव है जब बच्चों को इस संबंध में उचित मार्गदर्शन के साथ पर्याप्त संसाधन मिले। सेजेस सिंगपुर में इस दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। आम पालकों से विचार विमर्श एवं उनकी सहमति के बाद पुस्तकालय को थाती बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ व्ही पी. चन्द्रा ने पालकों के समक्ष एक लाइन का प्रस्ताव हर माता-पिता को अपने बच्चे के जन्म दिन पर एक प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तक विद्यालय को साल में एक बार देनी है। बदले में ऐसे बच्चों को पौने चार सौ प्रतियोगी पुस्तकें मिलेंगी, पालकों में उत्साह का संचार हो गया। सभी पालकों ने प्राचार्य के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी।

बैठक में ही इसके सफल क्रियान्वयन हेतु शिक्षक, पालक तथा छात्र संघ परिषद के बच्चों को शामिल कर एक समिति गठित की गई। व्याख्याता रामभुवन मारकोले संयोजक तथा शिक्षक जितेंद्र ध्रुव सह संयोजक बनाए गए हैं। छात्र संघ परिषद के चार बच्चों को इस समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। ग्रामीणों के संकल्प से स्थापित पुस्तकालय थाती को अब नॉलेज सेंटर के रूप में प्रसिद्धि मिलनी वाली है। इस थाती को समृद्ध करने के शिक्षक घर-घर जाकर पालकों से सम्पर्क कर रहे हैं। पालकों से निवेदन किया जा रहा है कि वे अपनी शादी की सालगिरह में, माता-पिता की स्मृति में, जन्म दिन पर, किसी सामाजिक उत्सव के बहाने प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकें देकर विद्यालय के पुस्तकालय को थाती बनाएं। एसएमडीसी, पालक, सेजेस के प्राचार्य एवं शिक्षकों की पहल से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए यह ग्रन्थालय नॉलेज सेंटर के रूप में कार्य करेगा।



## खबर संक्षेप

### हिममणि पेंशनर्स समाज में शामिल हुई

**नगरी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नगरी से व्याख्याता पद से सेवानिवृत्त हुई श्रीमती हिममणि सोम ने छग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी में पेंशनर समाज की सदस्यता ग्रहण की। वरिष्ठ संरक्षक केएस परिहार एवं एलएन दीक्षित ने उनका गुलाल लगाकर स्वागत किया। सदस्यता ग्रहण करने की सभी औपचारिकताएं सचिव पीआर चंद्रवंशी ने पूरी कराई। मौके पर बीएस सुरेशा, डीएस ध्रुव, जगदीश साहू, एलएस गजपाल, जेके साहू, आरएल साहू, एसएल मोहन, एस वर्मा, शकुन कश्यप, जीसी साहू एवं एसपी ग्वाले उपस्थित थे।

### जिले में अब तक 6900 मिमी वर्षा आंकी गई

**कांकेर।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 6900.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा दुर्गुकोंदल तहसील में 880.6 मिलीमीटर तथा सबसे कम कांकेर तहसील में 396.5 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील में 820.5 मिलीमीटर, चारामा में 605.8 मिमी., अंतागढ़ में 650.6, पखांजूर में 557.5, नरहरपुर में 537.2, सरोना में 408.3 मिलीमीटर, आमाबेड़ा में 783.3, कोयलीबेड़ा में 542.2 और बांदे में 718.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में कोयलीबेड़ा तहसील में सबसे अधिक 103 मिलीमीटर और नरहरपुर तहसील में सबसे कम 11.7 मिलीमीटर वर्षा आंकी गई है।

### युवक की मौत, कारण अज्ञात, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत सीएचसी नरहरपुर में इलाज के लिए 29 जुलाई को लाए धमतरी जिला के नगरी निवासी 38 वर्षीय मनोज कुमार मरकाम का अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गया। सीएचसी के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतक को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। अज्ञात कारणों से मृतक की मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवती ने जहर खाकर की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत मानिकपुर निवासी 20 वर्षीय नेहा नेताम ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। पटेलपारा नरहरपुर निवासी 50 वर्षीय नंदकिशोर नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 28 जुलाई को सुबह साढ़े 10 बजें जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। युवती ने आत्महत्या क्यों किया यह अभी पता नही चल पाया है।

ई-ऑफिस, अटल पोर्टल, औषधीय खेती एवं जीआईएस के प्रभावी उपयोग पर जोर

# जिले के जर्जर स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का शीघ्र सर्वे कर प्रस्ताव तैयार करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक हुई। बैठक में शासन की प्राथमिकताओं पर तेजी से कार्य करते हुए योजनाओं की प्रगति, तकनीकी नवाचार, डिजिटल कार्यप्रणाली और विभागीय समन्वय पर विशेष बल दिया गया। प्रशासन से जुड़ी गतिविधियों को कुशलता, प्रभावशीलता और पारदर्शिता के साथ करने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने सबसे पहले ई-ऑफिस प्रणाली की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि जिला कार्यालय में ई-ऑफिस का शुभारंभ हो चुका है। शासकीय पत्राचार एवं फाइलें केवल इसी प्रणाली के माध्यम से संचालित की जाएं। उन्होंने अधिकारियों को नोटशीट लेखन, दस्तावेज संलग्न करना और फाइलों को अग्रेषित करने की प्रक्रिया को भलीभांति समझने तथा किसी तकनीकी समस्या की स्थिति में तत्काल एनआईसी या तकनीकी टीम से मार्गदर्शन लेने की सलाह दी।

उन्होंने शिक्षा विभाग एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के जर्जर अथवा मरम्मत योग्य शालाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का शीघ्र सर्वे कर प्रस्ताव तैयार करें, ताकि भवनों का पुनर्निर्माण या मरम्मत समय रहते कराई जा सके।

बैठक में अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर योजनाओं की प्रगति अपलोड नहीं करने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की और स्पष्ट किया कि यह पोर्टल राज्य शासन के सर्वोच्च स्तर पर योजनाओं की निगरानी का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि योजनाओं से संबंधित वास्तविक एवं अद्यतन आंकड़े समय-सीमा में पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। समाज कल्याण विभाग के लंबित पेंशन प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि पेंशन योजनाओं के लंबित प्रकरणों की ई-केवाईसी प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराई जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर पेंशन का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यह कार्य शासन की जनहितैषी योजनाओं की विश्वसनीयता और पारदर्शिता को मजबूत करता है।

# दोषसिद्ध होने पर भी शिक्षक पर कार्रवाई नहीं

## भैंसबोड़ सरपंच ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत भैंसबोड़ में पदस्थ शिक्षक की अनियमितताओं के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश है। आरोप सिद्ध हो जाने के बाद भी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामवासियों ने अब आंदोलन करने तथा मुख्यमंत्री के जनदर्शन कार्यक्रम में शिकायत करने का निर्णय लिया है।

कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत भैंसबोड़ की सरपंच श्रीमती गंगा बाई साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि माध्यमिक शाला भैंसबोड़ के शिक्षक एलबी ने सभी बच्चों से टाई बेल्ट के नाम पर 150-150 रूपये मांगा था। टाई बेल्ट नहीं मिलने पर छात्रों ने पैसा वापस मांगा तो गुमराह कर पैसा नहीं लौटाया। संकुल प्राचार्य भैंसबोड़ से कम्प्यूटर खरीदने के नाम पर 75 हजार रूपये का आहरण किया लेकिन कम्प्यूटर नहीं खरीदा। जांच में पता चला है कि संकुल के सभी शिक्षकों के साथ उनका व्यवहार ठीक नहीं है। कई शिक्षक इससे प्रताड़ित हैं। पैसों के लेन देन संबंधी शिकायत को जांच अधिकारियों ने सत्य पाया। जांच अधिकारियों द्वारा प्रस्ताव बनाकर जिला शिक्षाधिकारी को भेजने के 25 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिला शिक्षाधिकारी से मिलने पर 2-3 दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था लेकिन उसे हटाने के बदले बचाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामवासी अब काईवाई नहीं होने पर आंदोलन तथा मुख्यमंत्री के जनदर्शन कार्यक्रम में शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं। इस संबंध में उक्त शिक्षक और जिला शिक्षा अधिकारी से संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा सका।

# नगर की एक और बेटी संयम की राह पर चली



- 9 अगस्त को राजस्थान में लेंगी दीक्षा
- बरघोड़ा निकालकर दीक्षार्थी मुमुक्षु गुन कवाड़ का किया गया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





धमतरी की एक और बेटी गुन कवाड़ (21 वर्ष) संयम की राह पर चल पड़ी हैं। वे 9 अगस्त को राजस्थान में दीक्षा लेंगी। दीक्षा लेने से पहले बुधवार को जैन स्थानक भवन में उनका सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। बरघोड़ा पश्चात जैन स्थानक भवन में मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए।

धमतरी में जैन समाज में दीक्षा लेने वालों की संख्या बढ़ने लगी है। एक बार फिर धमतरी की बेटी गुन कवाड़ दीक्षा लेंगी। 30 जुलाई बुधवार को जैन स्थानक भवन में समाज द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। सुबह जैन स्थानक भवन सदर बाजार से नये स्थानक भवन सिहावा चौक तक बरघोड़ा निकाला गया। इस दौरान सुसज्जित रथ में दीक्षार्थी के साथ उनके माता-पिता सवार थे। रास्ते में समाजजनों द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। बरघोड़ा के दौरान भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। दोपहर 12 बजे स्थानक भवन में लाभार्थी कवाड़ परिवार द्वारा साधार्मिक वात्सल्य किया गया। दोपहर 3 बजे अभिनंदन व रक्षाबंधन का कार्यक्रम रखा गया। अभिनंदन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। बुधवार रात को सुमित लोढ़ा डोंगरगांव द्वारा गुरुभक्ति की प्रस्तुति दी गई। 5 अगस्त को निवास स्थान से उन्हें विदाई दी जायेगी। धर्म के प्रति लगाव बढ़ने के बाद 2024 में निर्णय लिया। गुन पहले ही रात्रि भोजन, जमीकंद, चप्पल त्याग चुकी हैं। गुन के इस निर्णय से पिता ऋषि कवाड़, मां रिंकू कवाड़ खुश तो हैं लेकिन भावुक भी हैं। 5 अगस्त को उन्हें विदाई देनी है।

# सिहावा बस स्टैंड में भरा पानी, हो रही परेशानी



**नगरी।** ग्राम पंचायत भीतररास अंतर्गत सिहावा बस स्टैंड मुख्य मार्ग में बारिश के चलते पानी भर गया है। कई घरों में पानी भर चुका है जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चे भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हो रही है। भीतररास संरपच रेमन्त शान्डिल्य ने बताया कि नाली निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है लेकिन मनरेगा की राशि नहीं आई है। उन्होंने इस विषय पर शासन प्रशासन को कई बार अवगत कराया अपितु आश्वासन ही मिलता आया है। उन्होंने मनरेगा राशि जल्द स्वीकृत कराने की मांग की है।







# 40 परिवार ने एक साथ किया रुद्राभिषेक

- बठेना वार्ड में मनाया गया नागपंचमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



बठेना वार्ड में नागपंचमी महोत्सव मनाया गया। 40 परिवार ने एक साथ रुद्राभिषेक किया। पूजा पंडित त्रिभुवन महाराज के माध्यम से संपन्न की गई। आरती, प्रसाद वितरण के बाद देवी भूमिका ने शिव महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि जो भी नागपंचमी के दिन नागदेव के साथ भगवान शिव की पूजा करता है, उसकी कुंडली में बनने वाले कालसर्प दोष के निवारण के साथ ही सर्पदंश के भय से भी मुक्ति मिलती है। जीवन में आने वाली रुकावटों का समाधान होता है। नागपंची के दिन नागदेवता को दूध पिलाने या चढ़ाने से घर में सुख, समृद्धि बनी रहती है। कार्यक्रम में वार्डवासियों और पार्षद का विशेष सहयोग रहा। रुद्राभिषेक के बाद वार्ड के शीतला मंदिर स्थित तालाब में विसर्जन किया।




# हमारी भारतीय सेना शौर्य और पराक्रम की प्रतीक



**धमतरी।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने शहीदों के छायाचित्र पर फूल अर्पित कर श्रंद्धाजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय सेना शौर्य और पराक्रम की प्रतीक है। देश के बहादुर सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन करती हूं। राष्ट्र के प्रति उनकी निःस्वार्थ सेवा और समर्पण पर सभी देशवासियों को गर्व है। देश के वीर जवानों ने दुर्गम पहाड़ियों, ऊंची चोटियों, बर्फीले जैसे इलाके में मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू, जनपद पंचायत सभापति देहुति साहू, भाजपा नेता जय हिंदूजा एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सैनिक उपस्थित थे।

